भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3752
दिनांक 03.04.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी

3752. डा. अजित माधवराव गोपछड़ेः
क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी की जानकारी है, जिसके कारण पासपोर्ट आवेदकों को कठिनाई हो रही है;

(ख) महाराष्ट्र और गुजरात के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में पर्याप्त कर्मचारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार आज की तिथि में क्या उपाय कर रही है, क्योंकि आवेदकों को कर्मचारियों की कमी के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या सरकार बढ़ती लागत के कारण पासपोर्ट से संबंधित आवेदनों के लिए अलग-अलग शुल्कों को बढ़ाने की योजना बना रही है; और

(घ) साइबर हमले की स्थिति में पासपोर्ट आवेदकों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए क्या उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख) अभी तक की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय पासपोर्ट संगठन में संस्वीकृत कुल 2737 पदों में से 1000 से अधिक पद रिक्त हैं। मंत्रालय प्रक्रियाओं के अनुसार इन रिक्तियों को भरने के लिए उचित कदम उठा रहा है। पासपोर्ट कार्यालयों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर रिक्तियों को भरने के लिए कार्यालय सहायक, कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक, सहायक अधीक्षक, आशुलिपिक और कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के ग्रेड में 447 रिक्तियों की मांग कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को प्रेषित की गई है, जिसमें महाराष्ट्र और गुजरात स्थित पासपोर्ट कार्यालय भी शामिल हैं। हाल ही में एसएससी ने इन मांगों के संबंध में कार्यालय सहायक, कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक और सहायक अधीक्षक के ग्रेड में नियुक्तियों के लिए परिणाम घोषित किए हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से समयबद्ध पदोन्नतियां की जा रही हैं।

(ग) वर्तमान में केंद्र सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम में तकनीकी, प्रशासनिक और भौतिक सुरक्षा उपायों जैसे डाटा एन्क्रिप्शन, डाटा लीक निवारक समाधान, असामान्य गतिविधियों या संभावित उल्लंघनों की रोकथाम के लिए एक्सेस कंट्रोल और मॉनिटरिंग सिस्टम का संयोजन निहित है, ताकि साइबर हमले से व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा की जा सके।

*****